# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 21 लाला लाजपत राय (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**प्रश्न 1.**
लाला लाजपत राय का जन्म कब और कहाँ हुआ था?
**उत्तर :**
लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी सन् 1865 ई० में फिरोजपुर जिले के ढोडिके गाँव में हुआ।

**प्रश्न 2.**
लाला लाजपत राय को कौन-सी उपाधि दी गई थी और क्यों?
**उत्तर :**
लाला लाजपत राय को आस्था और विश्वास के कारण पंजाब केसरी तथा शेरे पंजाब की उपाधि दी गई।

**प्रश्न 3.**
लाला लाजपत राय अंग्रेजों के विशेष निशाने पर क्यों रहते थे?
**उत्तर :**
ब्रिटिश सरकार की निर्भय आलोचना, अपने दृढ़ विश्वास और भारतीय जनता में अपनी गहरी पैठ के कारण वे अंग्रेजों के विशेष निशाने पर रहते थे।

**प्रश्न 4.**
लाला लाजपत राय का सामाजिक कार्यों में क्या योगदान रहा?
**उत्तर :**
लाला जी का सामाजिक कार्यों में बड़ा योगदान था। वे गरीबों की सहायता और शिक्षा के प्रसार की दिशा में सक्रिय रहे। अकाल और भूकम्प के समय पीड़ित जनता के लिए राहत कार्यों में वे आगे रहते थे। उन्होंने लोगों में राष्ट्रीयता की भावना और देशभक्ति की प्रेरणा भरने की कोशिश की। उन्होंने शिक्षण संस्थाओं के अस्तित्व के लिए अपनी बचत से 40000 रुपये दान दिया।

**प्रश्न 5.**
लाला लाजपत राय की किन्हीं तीन रचनाओं के नाम लिखिए।
**उत्तर :**
लाला लाजपत राय की रचनाओं के नाम ए हिस्ट्री ऑफ इण्डिया, महाराज अशोक और वैदिक ट्रैक्ट हैं।

**प्रश्न 7.**
रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए (पूर्ति करके)

- लाला लाजपत राय की माता ने उन्हें धर्म की शिक्षा दी।
- लाला लाज़पत राय का विचार था कि जनता के उत्थान के लिए शिक्षा अनिवार्य है।
- पंजाब में भूकम्प पीड़ितों के लिए राहत कार्य के लिए उन्होंने सर्वेट्स ऑफ पीपुल सोसाइटी की स्थापना की।

https://www.evidyarthi.in/

- लाला लाजपत राय का सारा समय जन-कल्याण तथा सारा जीवन राष्ट्र की सेवा में बीता।

https://www.evidyarthi.in/